**Series : 2EHFG**

**SET ~ 2**

**प्रश्न-पत्र कोड 3/2/2**

**रोल नं.**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **15** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

#

# हिन्दी (अ)

# HINDI (A)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **80***

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **15** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खण्ड हैं – खण्ड **क**, **ख**, **ग** और **घ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** में कुल **2** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **10** है।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में कुल **4** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **20** है।*

*(v)* ***खण्ड ग** में कुल **5** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **21** है।*

*(vi)* ***खण्ड घ** में कुल **4** प्रश्न हैं।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, कुछ खण्डों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(viii)* *यथासंभव सभी खण्डों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## खण्ड क

## (अपठित बोध)

1. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए : 7

प्राइवेट बस का ड्राइवर है तो क्या हुआ
सात साल की बच्ची का पिता तो है !
सामने गियर से ऊपर
हुक से लटका रक्खी हैं
काँच की चार चूड़ियाँ गुलाबी
बस की रफ़्तार के मुताबिक
हिलती रहती हैं ⋯
झुककर मैंने पूछ लिया
खा गया मानो झटका
अधेड़ उम्र का मुच्छड़ रोबीला चेहरा
आहिस्ते से बोला : हाँ सा'ब
लाख कहता हूँ, नहीं मानती है मुनिया
टाँगे हुए है कई दिनों से
अपनी अमानत
यहाँ अब्बा की नज़रों के सामने
मैं भी सोचता हूँ
क्या बिगाड़ती हैं चूड़ियाँ
किस जुर्म पे हटा दूँ इनको यहाँ से ?
और ड्राइवर ने एक नज़र मुझे देखा
और मैंने एक नज़र उसे देखा
छलक रहा था दूधिया वात्सल्य बड़ी-बड़ी आँखों में
तरलता हावी थी सीधे-सादे प्रश्न पर
और अब वे निगाहें फिर से हो गईं सड़क की ओर
और मैंने झुककर कहा –
हाँ भाई, मैं भी पिता हूँ
वो तो बस यूँ ही पूछ लिया आपसे
वर्ना ये किसको नहीं भाएँगी ?
नन्हीं कलाइयों की गुलाबी चूड़ियाँ !



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(i) बस में कवि को सबसे अधिक आकर्षित करने वाली बात क्या थी ? *1*

(A) बस की रफ़्तार

(B) ड्राइवर का रोबीला चेहरा

(C) सात साल की बच्ची की मौज़ूदगी

(D) लटकी हुई गुलाबी चूड़ियाँ

(ii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : बस का ड्राइवर चूड़ियों को हटाने के विषय में सोचता है।

*कारण* : चूड़ियों से बस चलाने में बाधा पहुँचती है।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, परंतु कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन सही है, परंतु कारण ग़लत है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(iii) कवि ने 'गुलाबी चूड़ियों' के विषय में बस के ड्राइवर से क्यों पूछा था ? *1*

(A) सहज जिज्ञासा वश

(B) आपत्ति जताने के लिए

(C) कवि भी पिता था इसलिए

(D) सफ़र की ऊब को दूर करने के लिए

(iv) कविता का मूल भाव क्या है ? इसे पढ़ते हुए आप स्वयं क्या महसूस करते हैं ? *2*

(v) बस की गियर से ऊपर लटकी गुलाबी चूड़ियों को किसने और क्यों लटकाया है ? *2*



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए : *7*

दिनकर जी ने माना है कि उन पर प्रारम्भ से ही जितना प्रभाव रवीन्द्रनाथ ठाकुर का रहा उतना ही मोहम्मद इकबाल का। बाद में इलियट की काव्य-शैली और विचार-दृष्टि ने उनके कवि मानस को छूकर दूर भीतर तक उन्मथित कर दिया। परिणामत: उनकी कविताओं ने एक नई भंगिमा को ग्रहण किया।

दिनकर जी अपने युग के एक प्रमुख कवि ही नहीं, सफल और प्रभावपूर्ण गद्य लेखक भी थे। सीधी-सरल भाषा और अत्यन्त प्रांजल शैली में उन्होंने विभिन्न साहित्यिक विषयों पर निबन्ध भी दिए हैं, तो बोधकथा, डायरी-संस्मरण भी, और दर्शन-इतिहासगत तथ्यों के विवेचन भी।

'दिनकर' जी जीवन भर संघर्षरत रहे। साहित्य और राजनीति दोनों के बीच उनका मन रमता था और इन दोनों ही क्षेत्रों में उनको सफलता मिली। साहित्य जगत द्वारा प्रदत्त ज्ञानपीठ पुरस्कार ने दिनकर जी को प्रफुल्लित कर दिया। उनके अन्तरंग मित्रों को यह ज्ञात है कि ज्ञानपीठ पुरस्कार उनके जीवन के अन्तिम अध्याय का स्वर्णिम क्षण सिद्ध हुआ। पुरस्कार प्राप्त कर 'दिनकर' जी अभिभूत थे क्योंकि कवि का मन अपनी रचनाओं की स्वीकृति, विशेष रूप से सुधीजनों द्वारा उनका प्रशंसित और समादृत होना, अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मानता है। ज्ञानपीठ पुरस्कार के मिलने के बाद उन्होंने अप्रैल, 1974 में तिरुपति की यात्रा की। जब 'दिनकर' जी मद्रास पहुँचे तो यह एक सुखद संयोग था कि उनके सर्वाधिक स्नेही मित्र थे गंगाशरण सिंह और जयप्रकाश बाबू भी वहीं थे। उसी शाम उन्होंने मद्रास के समुद्र तट पर अपने कुछ मित्रों को अपनी सुन्दर-सुन्दर रचनाएँ सुनाईं। तब कोई नहीं जानता था कि आज 23 – 24 अप्रैल की शाम गंगा की गोद में उत्पन्न दिनकर जी के अस्ताचल जाने की शाम थी। उसी रात मद्रास में ही 'दिनकर' जी की जीवन लीला समाप्त हो गई और फिर उनका पार्थिव शरीर मद्रास से दिल्ली होकर पटना लाया गया।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(i) दिनकर जी के लेखन पर किन-किन कवियों का प्रभाव रहा है ? *1*

I. इलियट

II. रवीन्द्रनाथ ठाकुर

III. मोहम्मद इकबाल

IV. गंगाशरण सिंह

(A) I, III और IV

(B) I, II और III

(C) II, III और IV

(D) I, II और IV

(ii) दिनकर जी के बारे में कौन-सा तथ्य ***असत्य*** है ? *1*

(A) वे एक प्रमुख कवि थे परंतु असफल गद्य लेखक भी थे।

(B) उनकी शैली प्रांजल थी तथा वे साहित्यिक निबंध लिखते थे।

(C) ज्ञानपीठ पुरस्कार उनके जीवन के अंतिम अध्याय का स्वर्णिम पन्ना है।

(D) बोधकथा, डायरी, संस्मरण के अतिरिक्त दिनकर जी ने इतिहास के विषय में भी लिखा है।

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : पुरस्कार प्राप्त कर मन अभिभूत हो जाता है।

*कारण* : पुरस्कार विद्वज्जनों द्वारा दी जाने वाली सराहना और सम्मान का प्रतीक है।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है और कारण भी पूरी तरह ग़लत ही है।

(B) कथन सही है परंतु कारण आंशिक रूप से सही है।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या भी है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं, परंतु कारण, कथन की उचित व्याख्या ***नहीं*** है।

(iv) दिनकर जी की रचनाशीलता की दो विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए। *2*

(v) ज्ञानपीठ पुरस्कार का दिनकर जी के जीवन में क्या महत्त्व रहा ? *2*



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## खण्ड ख

### (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) अमीरुद्दीन दो पैसे मामू से, दो पैसे मौसी से और दो पैसे नानी से लेता था।
(रचना के आधार पर वाक्य का भेद पहचानिए)

(ख) इधर सुलोचना की फ़िल्म आई, उधर अमीरुद्दीन अपनी कमाई लेकर फ़िल्म देखने चल देता था। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ग) काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्‌भुत परंपरा है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) हमारी बेपढ़ी-लिखी माँ पिता के ठीक विपरीत थी। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ङ) दसवीं कक्षा तक आलम यह था कि वे बिना चुनाव किए किताबें पढ़ती थी।
(आश्रित उपवाक्य पहचानकर भेद भी लिखिए)

**4.** निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) यह सब तो मैंने केवल सुना। (वाच्य-भेद पहचानकर लिखिए)

(ख) पिताजी मुझे वहीं बैठने को कहते। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ग) हालदार साहब द्वारा एक पान खाया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(घ) सभी लोग निस्तब्धता में सोए हैं। (भाववाच्य में बदलिए)

(ङ) किस वाच्य में क्रिया का सकर्मक होना अनिवार्य है ?

**5.** निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) शाम को सभी अजमेर के चौराहे पर खड़े थे।

(ख) जीत की खुशी में वह झूम रहा था।

(ग) नेताजी की मूर्ति मुख्य बाज़ार के पार्क में लगी थी।

(घ) बालक जोर-जोर से चिल्ला रहा था।

(ङ) पानवाले के मुँह में पान ठूँसा हुआ था।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**6.** निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) निम्नलिखित काव्य-पंक्ति से अलंकार पहचानकर लिखिए :

'मणिक समान नयन प्रभु के हैं दिख रहे'

(ख) 'मानो हवा के वेग से
सोता हुआ सागर जगा।'

— प्रस्तुत पंक्तियों में कौन-सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है ?

(ग) "पेड़ झुक झाँकने लगे गर्दन उचकाय।
आँधी चली, धूल भागी घाघरा उठाय॥"

— काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार पहचानिए।

(घ) रूपक अलंकार का एक उपयुक्त उदाहरण किसी काव्य-पंक्ति द्वारा दीजिए।

(ङ) अतिशयोक्ति अलंकार के प्रयोग वाली कोई काव्य-पंक्ति अपनी स्मृति से लिखिए।

## खण्ड ग
## (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित)

**7.** निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।
इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-सँदेस पठाए।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।
अब अपनै मन फेर पाइहैं, चलत जु हुते चुराए।
ते क्यौं अनीति करैं आपुन, जे और अनीति छुड़ाए।
राज धरम तौ यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए॥



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(i) प्रस्तुत पद में 'राजनीति' का प्रयोग हुआ है :

(A) चतुराई के अर्थ में

(B) अच्छे कर्मों के उदाहरण में

(C) कर्तव्यपालन के अर्थ में

(D) कृष्ण की प्रशंसा के संदर्भ में

(ii) गोपियों के द्वारा 'मधुकर' किसे कहा जा रहा है ?

(A) कृष्ण को

(B) भ्रमर को

(C) उद्धव को

(D) हरि को

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

*कथन* : गोपियाँ पहले के लोगों को भला कह रही हैं।

*कारण* : वे लोग इधर-उधर डोलते-दौड़ते रहते थे।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, परंतु कारण सही है।

(B) कथन सही है, परंतु कारण ग़लत है।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या है।

(D) कथन और कारण दोनों ही ग़लत हैं।

(iv) इस पद में गोपियों ने श्रीकृष्ण पर कौन-कौन से आक्षेप लगाए हैं ?

I. उन्होंने राजनीति सीख ली है।

II. पहले से ही चतुर थे, अब तो बड़े-बड़े ग्रंथ भी पढ़ लिए।

III. योग-संदेश भेजने का अर्थ है कि उनकी चालाकी और बढ़ गई है।

**विकल्प :**

(A) I और II दोनों

(B) I और III दोनों

(C) I, II और III तीनों

(D) II और III दोनों



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(v) 'राजधर्म' क्या है ?

(A) स्वयं अन्याय करना

(B) दूसरों के अन्याय को रोकना

(C) प्रजा को न सताना

(D) गोपियों को योग-संदेश भिजवाना

**8.** निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) अपने पाठ्यक्रम से पढ़ी एक ऐसी कविता का उल्लेख कीजिए जो पूरी तरह प्रकृति की शोभा पर केन्द्रित है। कविता के केंद्रीय भाव को भी लिखिए।

(ख) 'यह दंतुरित मुस्कान' का कवि बालक की माँ को धन्य क्यों कह रहा है ? शिशु के प्रति माता किन कर्तव्यों का निर्वाह करती है ?

(ग) 'आत्मकथ्य' का लेखक आत्मकथा नहीं लिखते हुए भी अपने जीवन की झलकियाँ हमारे सामने रख देता है। कविता के आधार पर किन्हीं दो का वर्णन कीजिए।

(घ) 'संगतकार' के दो गुणों का उल्लेख करते हुए लिखिए कि इन्हीं दो का चयन आपने क्यों किया है।

**9.** निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

उस ज़माने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती थीं बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं इसलिए मोहल्ले के किसी भी घर में जाने पर कोई पाबंदी नहीं थी, बल्कि कुछ घर तो परिवार का हिस्सा ही थे। आज तो मुझे बड़ी शिद्दत के साथ यह महसूस होता है कि अपनी ज़िंदगी खुद जीने के इस आधुनिक दबाव ने महानगरों के फ़्लैट में रहने वालों को हमारे इस परंपरागत 'पड़ोस-कल्चर' से विच्छिन्न करके हमें कितना संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया है। मेरी कम-से-कम एक दर्जन आरंभिक कहानियों के पात्र इसी मोहल्ले के हैं जहाँ मैंने अपनी किशोरावस्था गुज़ार अपनी युवावस्था का आरंभ किया था। एक-दो को छोड़कर उनमें से कोई भी पात्र मेरे परिवार का नहीं है। बस इनको देखते-सुनते, इनके बीच ही मैं बड़ी हुई थी लेकिन इनकी छाप मेरे मन पर कितनी गहरी थी, इस बात का अहसास तो मुझे कहानियाँ लिखते समय हुआ। इतने वर्षों के अंतराल ने भी उनकी भाव-भंगिमा, भाषा, किसी को भी धुँधला नहीं किया था और बिना किसी विशेष प्रयास के बड़े सहज भाव से वे उतरते चले गए थे। उसी समय के दा साहब अपने व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ पाते ही 'महाभोज' में इतने वर्षों बाद कैसे एकाएक जीवित हो उठे, यह मेरे अपने लिए भी आश्चर्य का विषय था... एक सुखद आश्चर्य का।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(i) वर्तमान समय में पड़ोस कल्चर के समाप्त होने का/के क्या कारण है/हैं ? इस प्रश्न के उत्तर में उचित विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए :

I. फ्लैट संस्कृति का जन्म लेना

II. अपनी ज़िंदगी खुद जीने का दबाव

III. संयुक्त परिवारों का विघटित होना

IV. पाश्चात्य संस्कृति का बढ़ता प्रभाव

**विकल्प :**

(A) केवल I सही है

(B) केवल IV सही है

(C) I और II दोनों सही हैं

(D) II और III दोनों सही हैं

(ii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

*कथन* : परंपरागत 'पड़ोस-कल्चर' से अलग होकर हम संकुचित, असहाय और असुरक्षित बन गए हैं।

*कारण* : स्वायत्ततापूर्ण ज़िंदगी जीने के महानगरीय दबाव ने मनुष्य को स्वार्थी और आत्मकेन्द्रित बना दिया है।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, परंतु कारण ग़लत है।

(B) कथन ग़लत है, परंतु कारण सही है।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं, परंतु कारण, कथन की उचित व्याख्या ***नहीं*** है।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(iii) लेखिका की कहानियों के पात्रों के बारे में कहा जा सकता है :

I. उनकी आरंभिक कहानियों के पात्र उनके मोहल्ले के ही थे।

II. अधिकांशत: पात्र उनके परिवार से ही आते हैं।

III. शुरू के पात्र उनकी किशोरावस्था और युवावस्था की स्मृतियों से आते हैं।

**विकल्प :**

(A) केवल I सही है

(B) I और II सही हैं

(C) I और III सही हैं

(D) II और III सही हैं

(iv) 'घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं होने' का आशय क्या है ?

(A) आस-पड़ोस के घरों से अपने घर जैसे आत्मीय संबंध।

(B) आस-पड़ोस के घरों की दीवारों का आपस में मिला-जुला होना।

(C) मोहल्ले के हर घर में आने-जाने पर पाबंदी लग जाना।

(D) मोहल्ले के अन्य घरों से निश्चित और सीमित संबंध रखना।

(v) लेखिका के लिए भी सुखद आश्चर्य का विषय क्या था ?

(A) उनके पात्र एकदम जीवंत कैसे बनते रहे।

(B) उनके समय में सब एक-दूसरे से खुलकर मिल पाते थे।

(C) आज के फ़्लैट कल्चर ने हमें किस प्रकार असहाय बना दिया है।

(D) अतीत के पात्रों का भाव-भंगिमा सहित कहानी में जीवंत हो उठना।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

10. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ में कस्बे के लोगों के किस प्रयास को सराहनीय कहा जा रहा है और क्यों ?

(ख) बालगोबिन भगत ने अपनी पतोहू की चिंता किस प्रकार की ? इससे उनके व्यक्तित्व के किस गुण का पता चलता है ?

(ग) 'संस्कृति' पाठ के संदर्भ में असंस्कृति और असभ्यता किसे कहेंगे ? सोदाहरण लिखिए।

(घ) 'लखनवी अंदाज़' के दोनों पात्र – नवाब साहब और लेखक मूलत: एक समान सफ़ेदपोश सज्जन हैं। – इस कथन को उदाहरण सहित सत्य सिद्ध कीजिए।

11. पूरक पाठ्य-पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में लेखिका ने महानगरों को 'डार्क रूम' की संज्ञा क्यों दी है ? महानगरीय जीवन की विसंगतियों का उल्लेख करते हुए लिखिए कि हम उसे कैसे बेहतर बना सकते हैं।

(ख) 'माता का अँचल' पाठ में भोलानाथ के खेलों की सबसे उल्लेखनीय विशेषताएँ क्या थीं ? किन्हीं दो का वर्णन कीजिए। क्या आज के बच्चे वैसे खेलों से खेल सकते हैं ? तर्क पूर्ण तरीके से 'हाँ' अथवा 'नहीं' का समर्थन कीजिए।

(ग) कोई भी लेखक कृतिकार कब कहला सकता है ? क्या वर्तमान लेखक भी 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के लेखक अज्ञेय की भाँति लेखन-प्रक्रिया पर ऐसा गहरा विचार ज़रूरी समझता है ? अपने अनुभव और विचारों के आधार पर उत्तर दीजिए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## खण्ड घ
## (रचनात्मक लेखन)

**12.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *6*

(क) शहरीकरण और प्रदूषण की समस्या

संकेत-बिंदु

- शहरीकरण का अभिप्राय
- शहर प्रदूषण के लिए अधिक ज़िम्मेदार कैसे ?
- विकास की गति को बनाए रखकर भी प्रदूषण पर नियंत्रण कैसे करें ?

(ख) शारीरिक श्रम : स्वास्थ्य का आधार

संकेत-बिंदु

- आधुनिक जीवन-शैली के चलते घटता शारीरिक श्रम
- स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक श्रम की आवश्यकता
- शारीरिक श्रम से होने वाले लाभ

(ग) सफलता के बदलते मानदंड

संकेत-बिंदु

- वर्तमान में सफल होने का अर्थ
- सफलता के पुराने निकष और वर्तमान में बदली कसौटियाँ
- बदलाव का समाज और नई पीढ़ी पर प्रभाव



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**13.** (क) आपका नाम रोज़ी/राकेश है और आपने हाल ही में पुस्तकालय-विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। शहर के सबसे बड़े सार्वजनिक पुस्तकालय में कनिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष की रिक्ति के लिए आवेदन हेतु लगभग 80 शब्दों में अपना स्ववृत्त तैयार कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) आपका नाम रोज़ी/राकेश है और आप दूर-दराज़ के एक गाँव में रहते हैं। वहाँ से आपने ज़रूरी दवाएँ 'अ.ब.स.' नामक कंपनी से मँगाई हैं। कंपनी ने सप्ताह भर में भेजने का वादा करके तीन सप्ताह लगा दिए पर दवाएँ अब तक नहीं पहुँची हैं। जबकि आप अग्रिम भुगतान कर चुके हैं। कंपनी के 'उपभोक्ता-शिकायत विभाग' में 'उपभोक्ता कोर्ट' में इसकी शिकायत दर्ज करवाने की चेतावनी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। *5*

**14.** (क) आपका नाम आन्या/सिद्दीक है। आपने अपने किसी कार्य से अपने प्रिय मित्र को चोट/ठेस पहुँचाई है। मित्र का दिल ऐसा दुखा कि वह अब आपसे बात नहीं करता/करती। लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखते हुए 'उक्त' कार्य का उल्लेख कर क्षमा माँगते हुए आश्वस्त करें कि भविष्य में आप ध्यान रखेंगे कि ऐसी स्थिति ना हो। *5*

**अथवा**

(ख) आपका नाम आन्या/सिद्दीक है और आप अपने विद्यालय के छात्र-अध्यक्ष हैं। प्रधानाध्यापिका को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर सुझाव दीजिए कि एक अंतर कक्षा वाद-विवाद प्रतियोगिता कब, कैसे और किन कक्षाओं के बीच करवाई जा सकती है। यह प्रतियोगिता क्यों करवानी चाहिए इसके लिए भी तर्क दीजिए। *5*



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

15. (क) आपका नाम मोइन/स्नेहा है। आपके बड़े भाई का चयन 'एन.डी.ए.' में हो गया है। उनको लगभग 40 शब्दों में बधाई एवं शुभकामना देते हुए संदेश लिखिए। *4*

**अथवा**

(ख) 'धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है' विषय पर स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से लगभग 40 शब्दों में एक जनहितकारी विज्ञापन तैयार कीजिए। *4*



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**अंकन योजना**

**अत्यंत गोपनीय (केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु)**

**सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 2025**

**कक्षा- 10 वीं  विषय: हिंदी (A)  विषय कोड- 002  प्रश्न पत्र कोड- 3/2/2**

**सामान्य निर्देश:**

| | |
|---|---|
| 1. | आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें। |
| 2. | मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है। |
| 3. | मूल्यांकन अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंकन योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित या अभिनव हैं (innovative), उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंकन योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए। |
| 4. | अंकन योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है, तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए। |
| 5. | अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | |
|---|---|
| | ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है। |
| 6. | मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✓) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न ( x ) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है। |
| 7. | यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर **दाईं** ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए। |
| 8. | यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो **बाईं** ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए। |
| 9. | यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें। |
| 10. | एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ। |
| 11. | यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें। |
| 12. | प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। ( विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है) |
| 13. | नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–<br>• उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना<br>• उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना<br>• उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना<br>• उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना<br>• आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि<br>• आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | |
|---|---|
| | • कुल अंकों के योग में अशुद्धि<br>• प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना<br>• उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना<br>• उत्तरों पर सही का चिह्न (✓) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि ( ✓ ) या ( x ) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)<br>• उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों। |
| 14. | उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर ( x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें। |
| 15. | उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए, सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए। |
| 16. | सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ। |
| 17. | प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है। |
| 18. | केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं/अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक योजना में दिए गए मूल्य बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए। |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

# अंकन योजना मार्च, 2025

**प्रश्न पत्र कोड: 3/2/2**

**विषय: हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ')** **विषय कोड 002** **कक्षा – दसवीं**

| प्रश्न संख्या | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | **[ खंड - क ] (अपठित बोध)** | 14 |
| 1. | अपठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 7 |
| (i) | (D) लटकी हुई गुलाबी चूड़ियाँ | 1 |
| (ii) | (B) कथन और कारण दोनों गलत हैं। | 1 |
| (iii) | (A) सहज जिज्ञासावश | 1 |
| (iv) | परीक्षार्थी काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br><br>**मूल भाव:**<br>• पिता का वात्सल्य और संवेदनशीलता<br>• कवि और बस ड्राइवर यानी समाज के अलग-अलग वर्गों के बीच समानता और जुड़ाव<br>• सहज मानवीय संबंध और उनका प्रकटीकरण<br>• गहरी भावनात्मक समझ<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित; अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)<br><br>**व्यक्तिगत अनुभव :** परीक्षार्थी प्रश्न के इस हिस्से के लिए स्वतंत्र उत्तर लिखेंगे, **जैसे-**<br>• मन में संवेदनशीलता, कोमलता,आत्मीयता और पिता के प्रति आदर-स्नेह का भाव जाग्रत होना<br>• मन में मनोहर छवि का उभरना<br>• मन में मानव स्वभाव और संबंध के तथ्यों का उद्घाटन होना<br><br>*प्रश्न के दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>-----------------------------<br>*किसी एक हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर<br>अथवा<br>*उपयुक्त उत्तर नहीं लिख पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) | 2 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| (v) | प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए परीक्षार्थी कविता के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br><br>**किसने:**<br>• ड्राइवर की सात साल की पुत्री मुनिया ने;<br>**क्यों:**<br>• अपनी अमानत के रूप में लटकाया जाना<br>• अपनी निशानी पिता की आँखों के सामने बनाए रखने का प्रयास<br>• चूड़ियाँ मुनिया की याद, उसके प्रेम और मासूमियत का प्रतीक<br>• चूड़ियाँ पिता की संवेदनशीलता, जिम्मेदारी, प्रेम, पुत्री से भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक<br>(अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)<br><br>*प्रश्न के दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>*किसी एक हिस्से का उत्तर उपयुक्त लिखने पर<br>अथवा<br>*उपयुक्त उत्तर नहीं लिख पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>*असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| 2. | अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 7 |
| (i) | (B) I, II और III | 1 |
| (ii) | (A) वे एक प्रमुख कवि थे परंतु असफल गद्य लेखक भी थे। | 1 |
| (iii) | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या भी है। | 1 |
| (iv) | परीक्षार्थी गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर **दो** उपयुक्त बिंदुओं में उत्तर लिखेंगे-<br><br>• **कविता और गद्य दोनों पर समान अधिकार :** न केवल महत्त्वपूर्ण कवि, बल्कि गद्य की विविध शैलियों में लेखन<br>• **प्रभावशाली शैली :** कविताओं में नई भंगिमा<br>• **विधाओं की विविधता :** निबंध, डायरी-संस्मरण और ऐतिहासिक तथा दार्शनिक विवेचनों का लेखन<br>• **सरल और प्रांजल भाषा :** निबंधों की रचना में स्पष्टता, गद्य में सीधी-सरल, सहज, स्पष्ट भाषा का प्रयोग | 2 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| | * कोई दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>*केवल एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक )<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| (v) | परीक्षार्थी गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर **दो** उपयुक्त बिंदुओं में उत्तर लिखेंगे -<br>• अत्यंत हर्ष का अवसर<br>• जीवन के अंतिम अध्याय का स्वर्णिम क्षण<br>• साहित्यिक योगदान की उच्चतम स्वीकृति का प्रतीक<br>• प्रशंसा और सम्मान मिलने का प्रमाण<br>• गौरव और संतोष का भाव<br>• अपनी रचनाओं की स्वीकृति से अभिभूत<br><br>* कोई दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>* केवल एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| | **[ खंड - ख ] (व्यावहारिक व्याकरण)** | 16 |
| 3. | 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 4 |
| (क) | सरल वाक्य | 1 |
| (ख) | सुलोचना की फ़िल्म आते ही अमीरुद्दीन अपनी कमाई लेकर फ़िल्म देखने चल देता था। | 1 |
| (ग) | काशी में संगीत आयोजन की एक परंपरा है जो प्राचीन एवं अद्भुत है। | 1 |
| (घ) | हमारी माँ बेपढ़ी-लिखी थी और पिता के ठीक विपरीत थी। | 1 |
| (ङ) | वे बिना चुनाव किए किताबें पढ़ती थी- संज्ञा आश्रित उपवाक्य | ½+½ = 1 |
| 4. | 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर अपेक्षित : | 4 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| (क) | कर्तृवाच्य | 1 |
| (ख) | पिताजी द्वारा मुझे वहीं बैठने के लिए कहा जाता। | 1 |
| (ग) | हालदार साहब ने एक पान खाया। | 1 |
| (घ) | सभी लोगों से निस्तब्धता में सोया गया है। | 1 |
| (ङ) | कर्मवाच्य | 1 |
| 5. | 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के लिए **सही व्याकरणिक कोटि** के साथ कोई **एक अन्य बिंदु** अपेक्षित : | 4 |
| (क) | अजमेर- संज्ञा, व्यक्तिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, संबंध कारक | 1 |
| (ख) | वह- सर्वनाम, पुरुषवाचक, अन्यपुरुष, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ताकारक | 1 |
| (ग) | मुख्य- विशेषण, गुणवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, 'बाज़ार' विशेष्य | 1 |
| (घ) | जोर-जोर- अव्यय, क्रियाविशेषण, रीतिवाचक, 'चिल्ला रहा था' क्रिया की विशेषता | 1 |
| (ङ) | ठूँसा- क्रिया, सकर्मक, पुल्लिंग, एकवचन, भूतकाल, कर्तृवाच्य | 1 |
| 6. | 'अलंकार'' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर अपेक्षित : | 4 |
| (क) | उपमा अलंकार | 1 |
| (ख) | उत्प्रेक्षा अलंकार / मानवीकरण अलंकार | 1 |
| (ग) | मानवीकरण अलंकार | 1 |
| (घ) | रूपक अलंकार के उपयुक्त उदाहरण पर पूरे अंक दिए जाएँ -<br>**उदाहरणार्थ**- चरण-कमल बंदौं हरिराई | 1 |
| (ङ) | अतिशयोक्ति अलंकार के उपयुक्त उदाहरण पर पूरे अंक दिए जाएँ -<br>**उदाहरणार्थ**- एक साथ रघु ने पैरों से चाँपा अविकल।<br>पितृ-दत्त सिंहासन और सकल अरिमंडल। | 1 |
| | **[ खंड - ग ] ( पाठ्य-पुस्तक और पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित )** | 30 |
| 7. | पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर अपेक्षित : | 5 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| (i) | (A) चतुराई के अर्थ में | 1 |
| (ii) | (C) उद्धव को | 1 |
| (iii) | (B) कथन सही है, परंतु कारण गलत है। | 1 |
| (iv) | (C) I, II और III तीनों | 1 |
| (v) | (C) प्रजा को न सताना | 1 |
| 8. | निर्धारित कविताओं पर आधारित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित: | 6 |
| (क) | प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br><br>• अट नहीं रही है;<br><br>**केंद्रीय भाव:**<br>• फागुन के सौंदर्य का वर्णन<br>• प्रकृति का उल्लासमय परिवर्तन<br>• प्रकृति की अपरिमित आभा<br>• प्रकृति और मानव मन का गहरा संबंध<br><br>( कोई तीन बिंदु अपेक्षित; अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)<br><br>* पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे में कोई तीन उपयुक्त बिंदु लिखने पर (½+1½=2 अंक)<br>------------------------------<br>* पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे में कोई दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>*पहले हिस्से का गलत उत्तर और दूसरे में कोई तीन उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 ½ अंक)<br>------------------------------<br>*पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे में कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>*पहले हिस्से का गलत उत्तर और दूसरे में कोई दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>*पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे में कोई भी बिंदु नहीं लिखने पर<br>अथवा<br>*पहले हिस्से का गलत उत्तर और दूसरे में एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (½ अंक) | 2 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| | ------------------------------<br>*असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| (ख) | प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br>• पालन-पोषण करने और प्रवासी पिता के आगमन पर उसका परिचय कराने के लिए;<br>• अबोध शिशु की देखभाल और उसे मधुपर्क का पान करवाना<br>• शिशु के पोषण, स्वास्थ्य व विकास का ध्यान रखना<br>• शारीरिक, मानसिक सुरक्षा प्रदान करना<br>• संस्कार देना<br>• शिशु को स्नेह और अपनापन देना<br>( कोई एक बिंदु अपेक्षित; अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)<br>*प्रश्न के दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>*किसी एक हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर<br>अथवा<br>* उपयुक्त उत्तर नहीं लिख पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर<br>(1 अंक)<br>------------------------------<br>*असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| (ग) | परीक्षार्थी पाठ के आधार पर किन्हीं **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br>• जीवन का सामान्य होना और कष्टों-दुखों से भरा होना<br>• जीवन में निरंतर छल, व्यंग्य और उपहास सहना<br>• कवि के सपनों का पूरा होने से पहले ही बिखर जाना<br>• प्रिय व्यक्ति की स्मृति को जीवन का पाथेय बनाना<br>(अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)<br>* दो उपयुक्त बिंदुओं का वर्णन करने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>*केवल एक उपयुक्त बिंदु का वर्णन करने पर<br>अथवा | 2 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| | * दोनों बिंदुओं का उल्लेख मात्र करने पर (1 अंक)<br>-----------------------------<br>*असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| (घ) | प्रश्न के पहले हिस्से के लिए परीक्षार्थी कविता के आधार पर संगतकार के **दो** गुणों को लिखेंगे-<br>• समर्पण<br>• निःस्वार्थता<br>• मनुष्यता<br>• विनम्रता<br>• संयम<br>• अनुशासन<br>(अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)<br>परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए स्वतंत्र उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, **जैसे**-<br>• इन गुणों के कारण वह हमें प्रभावित करता है और बेहतर मनुष्य दिखता है।<br>* दो गुणों के विषय में कारण सहित उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>-----------------------------<br>*किसी एक गुण के विषय में कारण सहित उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1½ अंक)<br>-----------------------------<br>*सिर्फ दो गुणों का उल्लेख करने पर (1 अंक)<br>-----------------------------<br>*सिर्फ एक गुण का उल्लेख करने पर (½ अंक)<br>-----------------------------<br>*असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| 9. | पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सही उत्तर अपेक्षित : | 5 |
| (i) | (C) I और II दोनों सही हैं। | 1 |
| (ii) | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या है। | 1 |
| (iii) | (C) I और III सही हैं | 1 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| (iv) | (A) आस-पड़ोस के घरों से अपने घर जैसे आत्मीय संबंध। | 1 |
| (v) | (D) अतीत के पात्रों का भाव-भंगिमा सहित कहानी में जीवंत हो उठना। | 1 |
| 10. | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित: | 6 |
| (क) | प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br>• नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मूर्ति लगाने के प्रयास को;<br>**कारण –**<br>• देशभक्तों / शहीदों/ स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्ति लगाना देशभक्ति का प्रतीक<br>• मूर्ति से लोगों में देशभक्ति और प्रेरणा की भावना जाग्रत होना<br>• नेताजी के प्रति उनके आदर और सम्मान का प्रतीक<br>• नेताजी की स्मृतियों और धरोहर को संजोकर रखने का प्रयास<br>(कोई एक कारण अपेक्षित )<br><br>*प्रश्न के दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>*किसी एक हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर<br>अथवा<br>*उपयुक्त उत्तर नहीं लिख पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर<br>(1 अंक)<br>------------------------------<br>*असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| (ख) | प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br>• बेटे की मृत्यु के बाद पतोहू को उसके भाई के साथ हठपूर्वक पुनर्विवाह के लिए भेजकर;<br>**व्यक्तित्व के गुण** :<br>• वात्सल्य<br>• प्रगतिशीलता<br>• कर्तव्यनिष्ठा<br>• त्याग<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित; अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) | 2 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| | *प्रश्न के दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>*किसी एक हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर<br>अथवा<br>*उपयुक्त उत्तर नहीं लिख पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर<br>(1 अंक)<br>------------------------------<br>*असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| (ग) | परीक्षार्थी पाठ के आधार पर कोई उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br>**असंस्कृति :**<br>• कल्याण की भावना से नाता टूटना<br>**उदाहरण** : मानव की योग्यता, भावना, प्रेरणा, और प्रवृत्ति से विनाशकारी साधनों का आविष्कार<br>**असभ्यता :**<br>• असंस्कृति का परिणाम<br>**उदाहरण** : आत्मविनाश के साधन<br><br>* असंस्कृति और असभ्यता के विषय में उपयुक्त उत्तर उदाहरण सहित लिखने पर<br>(1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>*किसी एक के विषय में उपयुक्त उत्तर उदाहरण सहित लिखने पर<br>अथवा<br>*उपयुक्त उत्तर नहीं लिख पाने परंतु असंस्कृति या असभ्यता के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर<br>(1 अंक)<br>------------------------------<br>*असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| (घ) | परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br><br>• **संभ्रांत वर्ग से होना:** औपचारिकतापूर्ण व्यवहार और परिष्कृत लखनवी भाषा का प्रयोग<br>• **शिष्टाचार का पालन करना:** नवाब साहब द्वारा खीरा खाने के बारे में पूछना और लेखक का विनम्रता से मना करना<br>• **झूठा आत्मसम्मान** : नवाब द्वारा संगति के लिए उत्साह न दिखाया जाना और लेखक का भी | 2 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| | आत्मसम्मान में आँखें चुरा लेना<br>• **दिखावे में विश्वास रखना** : लेखक द्वारा नवाब साहब की पेशकश को ठुकरा देना, नवाब साहब द्वारा अपनी शान बनाए रखने के लिए खीरा खाने के बजाय सूँघकर खिड़की से बाहर फेंक देना (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)<br><br>*कोई दो उपयुक्त उदाहरण स्पष्टता से लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>-----------------------------<br>*कोई एक उपयुक्त उदाहरण स्पष्टता से लिखने पर<br>अथवा<br>*उपयुक्त उत्तर नहीं लिख पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>-----------------------------<br>*असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 11. | पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 8 |
| (क) | प्रश्न के पहले दो हिस्सों के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **एक-एक** बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br>**डार्करूम क्यों :**<br><br>• भाग-दौड़ भरी व्यस्तता के कारण<br>• प्रकृति से दूर होने के कारण<br>• प्रदूषण के कारण;<br><br>**विसंगतियाँ :**<br>• कृत्रिम जीवनशैली<br>• मानसिक तनाव और घुटन<br>• लोगों में आपसी जुड़ाव और आत्मीयता की कमी<br>• भीड़ में भी अकेलापन;<br><br>**समाधान :**<br>परीक्षार्थी प्रश्न के इस हिस्से के लिए अपने विचारों से उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर लिखेंगे, **जैसे-**<br><br>• सुनियोजित विकास करना<br>• सामुदायिक जीवन को बढ़ावा देना<br>• प्रकृति से जुड़ाव और मानसिक शांति हेतु उपाय अपनाना<br>• परिवार और समाज के साथ संतुलन बनाए रखना<br>• प्रदूषण कम करने के लिए योजनाएँ बनाना | 4 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| | • सामाजिक और आर्थिक संतुलन बनाए रखना<br>• जीवन की गुणवत्ता में सुधार<br>• प्रकृति का ध्यान रखना<br>• अपने परिवेश की पूरी देखभाल करना<br><br>*प्रश्न के तीनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1+2=4 अंक)<br>------------------------------<br>*पहले अथवा दूसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने और तीसरे हिस्से का विस्तृत उत्तर लिखने पर<br>अथवा<br>*पहले और दूसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने और तीसरे हिस्से का संक्षिप्त उत्तर लिखने पर<br>(3 अंक)<br>------------------------------<br>*पहले और दूसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने और तीसरे हिस्से का उत्तर न लिखने पर<br>अथवा<br>*पहले और दूसरे हिस्से का गलत उत्तर लिखने और केवल तीसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर<br>(2 अंक)<br>----------------------------<br>* पहले अथवा दूसरे एक हिस्से का उपयुक्त उत्तर और तीसरे हिस्से का उत्तर नहीं लिखने पर<br>अथवा<br>*केवल तीसरे हिस्से का संक्षिप्त उत्तर लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>*असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| (ख) | प्रश्न के पहले हिस्से के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त विशेषताएँ लिखेंगे -<br><br>• प्रकृति से जुड़ाव<br>• प्राकृतिक परिवेश से ही खेल-सामग्री<br>• सामूहिकता की भावना<br>• पारंपरिकता<br>• कल्पनाशीलता और सृजनात्मकता<br>• स्वाभाविकता<br>(अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य )<br><br>परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे भाग के लिए स्वतंत्र तर्कपूर्ण और उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, **जैसे-** | 4 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| | **हाँ** :<br>• बच्चों का सोसायटी/ कॉलोनी/ मोहल्ले/विद्यालय आदि स्थानों पर सामूहिकता में खेलना<br>• माता-पिता और शिक्षकों द्वारा प्रोत्साहन मिलने पर फिर से शारीरिक खेलों से जुड़ाव संभव<br>**नहीं** :<br>• सुरक्षा कारणों से बच्चों का घर के बाहर जाना कम<br>• आज के बच्चे डिजिटल युग में मोबाइल, वीडियो गेम और इंटरनेट में अधिक व्यस्त<br><br>*प्रश्न के दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1+2= 4 अंक)<br>------------------------------<br>*पहले हिस्से के लिए दो उपयुक्त बिंदु लिखने और दूसरे हिस्से के लिए संक्षिप्त उत्तर लिखने पर या उल्लेख मात्र करने पर<br>अथवा<br>*पहले हिस्से के लिए कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखने और दूसरे हिस्से के लिए विस्तृत उत्तर लिखने पर (3 अंक)<br>------------------------------<br>*पहले हिस्से के लिए एक उपयुक्त बिंदु लिखने और दूसरे हिस्से के लिए संक्षिप्त उत्तर लिखने पर **अथवा** उल्लेख मात्र करने पर<br>अथवा<br>* किसी एक हिस्से का विस्तृत उत्तर लिखने पर (2 अंक)<br>-----------------------------<br>* *पहले हिस्से के लिए एक उपयुक्त बिंदु लिखने **अथवा** दूसरे हिस्से के लिए थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>*असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| (ग) | प्रश्न के पहले हिस्से के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br><br>• आंतरिक प्रेरणा से रचना करने पर<br>• प्रत्यक्ष अनुभवों की जगह अनुभूति आधारित रचना करने पर<br>• लेखन में सच्चाई और ईमानदारी बनाए रखने पर<br>• बाहरी दबाव और आर्थिक विवशता से मुक्त लेखन करने पर;<br><br>परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए स्वतंत्र तर्कपूर्ण और उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, **जैसे**- | 4 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| | **हाँ :**<br>• वर्तमान लेखकों द्वारा साहित्य को आत्म-अभिव्यक्ति और संवेदना का साधन मानना<br>• लेखन-प्रक्रिया पर गहरे विचार करने वाले लेखकों की भूमिका सदैव बने रहना<br>**नहीं** :<br>• वर्तमान लेखक रचना-प्रक्रिया पर ऐसा विशद चिंतन नहीं करते, उनके लिए पुस्तक एक उत्पाद<br>• सोशल मीडिया और डिजिटल युग के प्रभाव के कारण लेखन में त्वरित प्रतिक्रियाएँ और सतही अभिव्यक्ति<br><br>*प्रश्न के दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1+2= 4 अंक)<br>------------------------------<br>*पहले हिस्से के लिए दो उपयुक्त बिंदु लिखने और दूसरे हिस्से के लिए संक्षिप्त उत्तर लिखने पर या उल्लेख मात्र करने पर<br>अथवा<br>*पहले हिस्से के लिए कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखने और दूसरे हिस्से के लिए विस्तृत उत्तर लिखने पर (3 अंक)<br>------------------------------<br>*पहले हिस्से के लिए एक उपयुक्त बिंदु लिखने और दूसरे हिस्से के लिए संक्षिप्त उत्तर लिखने पर **अथवा** उल्लेख मात्र करने पर<br>अथवा<br>* किसी एक हिस्से का विस्तृत उत्तर लिखने पर (2 अंक)<br>-----------------------------<br>* *पहले हिस्से के लिए एक उपयुक्त बिंदु लिखने **अथवा** दूसरे हिस्से के लिए थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>*असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| | **[ खंड - घ ] ( रचनात्मक लेखन )** | 20 |
| 12. | किसी **एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन अपेक्षित :<br><br>**अनुच्छेद-लेखन** :<br>• भूमिका = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक | 6 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| | • निष्कर्ष = 1 अंक<br>• भाषा शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :-**<br>• दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 13.<br><br>(क)<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>अथवा<br><br>(ख) | किसी **एक** विषय पर लगभग 80 शब्दों में स्ववृत्त अथवा ई-मेल लेखन अपेक्षित :<br><br>**स्ववृत्त-लेखन:**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :-**<br>• व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br><br><br>**औपचारिक ई-मेल:**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br>**विशेष निर्देश:-**<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही ई-मेल माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | 5 |
| 14. | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन अपेक्षित: | 5 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| (क)<br>अथवा<br>(ख) | **पत्र-लेखन:**<br>• प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :-**<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही पत्र माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (दाएँ-बाएँ, सेवा में आदि पर अतिरिक्त ध्यान न दिया जाए।)<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 15.<br><br>(क)<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>अथवा<br><br>(ख) | किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में संदेश अथवा विज्ञापन लेखन अपेक्षित :<br><br>**संदेश-लेखन:**<br><br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :-**<br><br>• संदेश लेखन का कोई एक निश्चित प्रारूप नहीं है। परीक्षार्थी द्वारा किसी उपयुक्त प्रारूप के उपयोग पर ही अंक दिए जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br><br>**विज्ञापन- लेखन:**<br>• रचनात्मकता + प्रस्तुति = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :-**<br>• विज्ञापन-लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | 4 |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in